अमर उजाला

Date: 14.08.2024

सीआरएसयू में खेल प्रबंधन पर व्याख्यान

जींद। चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में मंगलवार को खेल प्रबंधन और एंथ्रोपोमेट्री पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया। इसमें खेल और शारीरिक शिक्षा के क्षेत्र में दो प्रमुख विद्वानों ने अतिथि व्याख्यान दिए।

इस दौरान जशोर यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी बांग्लादेश से जुड़े महूमद हमीदुर रहमान मो. हामिदुर रहमान ने बताया कि कैसे शारीरिक माप जैसे ऊंचाई, वजन और शरीर की संरचना, खेल प्रदर्शन को प्रभावित कर सकते हैं। उनके व्याख्यान ने इस विषय पर नए दृष्टिकोण और अनुसंधान की संभावनाओं को उजागर किया। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि एंथ्रोपोमेट्री की जानकारी खेल प्रशिक्षण और प्रदर्शन मूल्यांकन में कैसे सहायक हो सकती है। अम्बो विश्वविद्यालय इथियोपिया के डॉ. देस्सालेन वासे मोला ने खेल प्रबंधन पर विस्तृत व्याख्यान प्रस्तुत किया। डॉ. देस्सालेन वासे मोला ने खेल प्रबंधन की रणनीतियों और प्रबंधन के प्रभावी तरीकों पर चर्चा की, जो खेल आयोजनों और टीमों की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। संवाद

दैनिक जागरण
Date: 14.08.2024

बांग्लादेश और इथियोपिया से आए विशेषज्ञों ने छात्रों को खेल प्रवंधन व मानवमिति विषय वारे दी जानकारी

- कहा, शारीरिक माप, ऊंचाई व शरीर की संरचना खेल प्रदर्शन को करती प्रभावित
- मानवमिति की जानकारी खेल प्रशिक्षण और प्रदर्शन मूल्यांकन में सहायक

जागरण संवाददाता • जींद : चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में खेल प्रबंधन और मानवमिति विषय पर विशेष व्याख्यान हुआ। जिसमें खेल और शारीरिक शिक्षा के क्षेत्र में विशेषज्ञों ने व्याख्यान दिए। जशोर विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय बांग्लादेश से जुड़े मोहम्मद हामिदुर रहमान ने मानवमिति और खेल पर व्याख्यान देते हुए कहा कि शारीरिक माप, ऊंचाई, वजन, और शरीर की संरचना खेल प्रदर्शन को प्रभावित कर सकते हैं। मानवमिति की जानकारी खेल प्रशिक्षण और प्रदर्शन मूल्यांकन में सहायक हो सकती है। अंबो विश्वविद्यालय इथियोपिया से जुड़े डा. दस्सालेन वासे मोला ने खेल प्रबंधन पर बोलते हुए विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। जिसमें टीम प्रबंधन, कार्यक्रम नियोजन और संसाधन प्रबंधन शामिल हैं। उन्होंने खेल प्रबंधन की रणनीतियों और प्रबंधन के प्रभावी तरीकों पर चर्चा की, जो खेल आयोजनों और टीमों की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उनके अनुभव और ज्ञान ने विद्यार्थियों व शोधकर्ताओं को खेल प्रबंधन की जटिलताओं को समझने में मदद की। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के प्रमुख शैक्षणिक और शोध क्षेत्र के सदस्य भी उपस्थित थे। प्रो. कुलदीप नारा, डा. नरेश देशवाल, डा. प्रवीन गहलावत, डा. जितेंद्र कुमार, डा. प्रवीन कुमार, डा. सुनिता, डा. रोहित और डा. अतुल सहारण ने कार्यक्रम के आयोजन में सहयोग किया। वीसी डा. रणपाल सिंह ने कहा कि यह आयोजन विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों में एक महत्वपूर्ण कदम था। छात्रों और शोधकर्ताओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर के विद्वानों से सीखने का अवसर प्रदान हुआ।

सीआरएसयू में कार्यक्रम को संबोधित करते डा. दस्सालेन वासे मोला। • सौ. विवि